वीयू – बी.व्ही.एस.सी. अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह पशुपालन मंत्री माननीय लखन पटेल जी की उपस्थिति में संपन्न

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू) के इतिहास में पहली बार, पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन स्नातक (बीव्हीएससी एंड एएच) के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह की मेजबानी की। आज 17 जनवरी 2025 को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 212 युवा पशु चिकित्सा स्नातकों (स्नातक करने वाले 212 विद्यार्थियों में जबलपुर और महू परिसर से 74–74 तथा रीवा परिसर से 64 विद्यार्थी) को प्रतिष्ठित पशु चिकित्सा पेशे में औपचारिक रूप से शामिल हुये। समारोह का आयोजन पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के महाविद्यालय सभागार में संपन्न किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के तीन संबद्ध महाविद्यालयों जबलपुर, महू और रीवा के छात्रों ने भाग लिया। यह महत्वपूर्ण कदम पशु कल्याण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नैतिक पशु चिकित्सा प्रथाओं के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है।

यह कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल जी के गरिमामयी मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में जबलपुर के माननीय सांसद श्री आशीष दुबे और जबलपुर कैंट के माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी शामिल थे। भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन

एनडीवीएसयू के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया है, जो इस अग्रणी आयोजन के संरक्षक भी हैं। उनके समर्पण और दूरदर्शिता ने इस महत्वपूर्ण पहल की अवधारणा और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औपचारिक उद्घाटन सत्र का आरम्भ सरस्वती वंदना से किया गया तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों का प्रेरक भाषण हुआ। पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल ने विद्यालय जीवन के प्रसंगों पर छात्रों को सम्भोधित किया एवं छात्रों एवं विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा मैं आगे बढ़ने पर जोर दिया।

तीनों महाविधालयो के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ बी.पी. शुक्ला एवं डॉ ऐ.पी. सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, समारोह में बी.व्ही.एस.सी. डिग्री मैं प्रथम आने वालों छात्रों दीप्ति कुशवाह, निवेदिता दिवेदी एवं टीना अग्रवाल को प्रोविशनल डिग्री गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान की गयी।

कार्यक्रम में पशु पालकों की जानकारी हेतु विश्वविधालय द्वारा प्रकाशित पशुधन पंचांग, साथ ही छात्र–छात्राओं हेतु पुस्तकें, मैन्युअल आदि का विमोचन भी मंचासिन अतिथिओं द्वारा किया गया, जबलपुर कैंट के माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी द्वारा महाविद्यालय जबलपुर की सड़क निर्माण के लिये विधायक निधि से सहमति दी गयी है। माननीय सांसद श्री आशीष दुबे ने पशुजीवन एवं मानव जीवन की सेवा पर नवीन पशुचिकिसकों को बधाई दी एवं कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा द्वारा सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह की नवीन पहल को सराहा, इसके अलावा भारतीय

पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने नवीन पशुचिकित्सकों को ज़ूनोटिक बीमारीओं को ध्यान मैं रखते हुये वन हेल्थ कांसेप्ट पर सभा को संवाद प्रेषित किये, कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा ने नवीन पशुचिकित्सकों को तन मन एवं जीवन समर्पित करने के भावना पर अडिग रहने की सलाह दी साथ ही निवर्तमान पशु चिकित्सकों से शपथ के प्रत्येक शब्द का अक्षरशरू पालन करने और एक अच्छे पेशेवर के साथ–साथ एक अच्छे इंसान बनने के लिए कहा।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल ने स्नातक (बी.वी.एससी. और ए.एच.) और स्नातकोत्तर (एम.वी.एससी./पीएच.डी.) छात्रों के लिए कैंपस चयन/भर्ती अभियान का आयोजन डॉ. असित जैन के सहयोग से किया। यह कार्यक्रम पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर परिसर में आयोजित किया गया। जिसमे की पांच संगठन/उद्योग/संस्थान नामतः भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड, टी एंड एम सर्विसेज कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, भाव्य हेल्थ सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ब्रूक इंडिया, स्काईलार्क हैचरी प्राइवेट लिमिटेड (ऑनलाइन मोड) ने छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किये।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. अमीता तिवारी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. एस.एस. तोमर कुलसचिव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में कोर समिति मेंबर डॉ. तोमर, डॉ श्रीकांत जोशी, डॉ आर के शर्मा, डॉ बी पी शुक्ला, डॉ जी पी लखानी, डॉ मधु स्वामी, डॉ सुदिप्ता घोष, डॉ शोभा जावरे डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ डी के गुप्ता डॉ ऐ पी सिंह, डॉ राखी वैश्य एवं सभी समितीयों के अध्यक्षों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर